एक नजर में

ट्रिपल शूटर कप में युवा शक्ति क्लब बना चैंपियन

बुधनी. नर्मदापुरम में मानसून के अवसर पर आयोजित ट्रिपल शूटर कप-2026 क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन हुआ. प्रतियोगिता में नर्मदापुरम संभाग सहित नगर के खिलाड़ियों ने भाग लिया. युवा शक्ति क्लब ने खिताब अपने नाम किया. टीम की कप्तानी अंकित प्रधान ने की, जबकि प्रिंस दायमा व हर्ष बत्रा ने खिलाड़ी के रूप में भूमिका निभाई. टीम के कोच शैलेश तिवारी रहे. तमजीर खान एवं अनुराग चौहान ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया. विजेता युवा शक्ति क्लब को 11 हजार 111 रुपए की नगद राशि एवं ट्रॉफी व उपविजेता तिरंगा इलेवन को 5 हजार 555 रुपए की नगद राशि एवं ट्रॉफी मुख्य अतिथि बिट्टू भदौरिया द्वारा प्रदान कर सम्मानित किया गया. युवा शक्ति क्लब ने विजयी जुलूस निकाला. इस मौक पर यशवंत चौहान, अनिल आहूजा, गोलू गौर, गोविंद शर्मा, विजय सक्सेना, मनोरम व्यास मौजूद थे.

शासकीय परिसर में किया पौधारोपण

डोबी. समीपस्थ ग्राम सरदार नगर के शासकीय स्कूल में वट वृक्ष का पौधारोपण किया गया. इस अवसर पर समाजसेवी सरपंच रामसेवक शर्मा, हरिराम शर्मा, राजेश कुमार, मधुप, संदीप जोशी, प्रीती जोशी, लखन राठौर, राकेश तिवारी, मरकाम सहित शाला के शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद थे.

पीडब्ल्यूडी के पुराने जर्जर क्वार्टर को गिराने की मांग

अहमदपुर. पीडब्ल्यूडी का क्वार्टर जर्जर हो गया है. जिससे हादसे का अंदेशा बना हुआ है. नागरिकों ने जनसुनवाई में जर्जर क्वार्टर को गिराने की मांग कलेक्टर से की है. कलेक्ट्रेट पहुंचे सरजन बाई, हलिया बाई, फूल बाई, कृष्णा बाई, विनोद लोंकेंद्र सिंह, गोपीलाल, दीपक धनपाल सिंह, हिरदेश गोविंद सिंह, सोनू देवेंद्र गिरवर सिंह, अंकिता, बने सिंह आदि ने कहा कि इस जर्जर क्वार्टर के पास ही स्कूल है. स्कूल और कालोनी के बच्चे क्वार्टर के पास ही खेलते है. वर्षों पहले पीडब्ल्यूडी ने क्वार्टर को कंडम घोषित कर दिया है. विभाग को ग्राम पंचायत ने भी अवगत करा दिया है. क्वार्टर में रहने वाले सेवानिवृत पीडब्ल्यूडी के कर्मचारी संतोष सिन्हा को ग्राम पंचायत वनखेड़ा ने मकान के लिए भूमि का पट्टा दे दिया है. खंडहर क्वार्टर की चपेट में पालतू पशु भी आ सकते हैं. अंधेरे में जनहानि भी हो सकती है.

पेंशनर्स संघ ने मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

सीहोर. प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन अध्यक्ष अनिल शर्मा के नेतृत्व में लंबित सात सूत्रीय मांगों के निराकरण के लिए जनसुनवाई में मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन सौंपा गया. एसडी सक्सेना ने बताया कि प्रदेश के 5 लाख पेंशनरों की लंबित समस्याओं का निराकरण नहीं होने से पेंशनर्स एवं उनके परिवार में निराशा एवं असंतोष व्याप्त है. यहां तक की केन्द्र की देय तिथि से न तो मंहगाई राहत दी जाती है और न ही स्वास्थ्य संबंधी लाभ दिए जा रहे हैं. इससे पेंशनरों का मनोबल गिरा है. वे अभावग्रस्त जीवन जीने के लिए मजबूर हैं. ज्ञापन सौंपने वालों में अनिल शर्मा, चन्द्रभान यादव, रामकृष्ण पटवारी, एसडी शर्मा, कमल किशोर शर्मा, आरएस चौहान, केपी एस सेंगर, चन्दन सिंह सिसोदिया, प्रकाश नारायण पटवारी, शशि शर्मा उपस्थित थे.

पंजाब विधानसभा चुनाव में मोर्चा संभालेंगे अरोरा

सीहोर. भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं पूर्व नपाध्यक्ष जसपाल सिंह अरोरा ने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सहित केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी से मुलाकात की और उनका आभार भी व्यक्त किया. श्री अरोरा अपने समर्थकों एवं समाजजनों के साथ भोपाल पहुंचे और नेताओं से मुलाकात कर आभार प्रकट किया. साथ ही प्रदेश नेतृत्व को विश्वास भी दिलाया कि वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करेंगे. प्रदेश अध्यक्ष और मुख्यमंत्री ने श्री अरोरा को आगामी पंजाब विधानसभा चुनाव की भी जिम्मेदारी सौंपते हुए उन्हें पंजाब में मोर्चा संभालने को कहा है. नेताओं ने श्री अरोरा को पंजाब विधानसभा चुनाव में टीम के साथ वहां जाने को कहा है. जसपाल सिंह अरोरा ने भी प्रदेश अध्यक्ष और मुख्यमंत्री को भरोसा दिलाया है कि इस बार पंजाब में भी पूरी ताकत के साथ मैदान में डटेंगे और भाजपा के सिर पर जीत का सेहरा बांधेंगे.

दो घंटे की मूसलाधार बारिश में सड़कें बनीं तालाब

दोपहर में एक बजे से शुरू हुआ तेज बारिश का सिलसिला, बुधवारा में जलभराव, कई दुकानों में घुसा पानी, लोगों ने दिया धरना

- दुकानों में पानी भराने से लोगों को हुआ नुकसान
- नागरिकों में दिखा नगरपालिका के खिलाफ जबर्दस्त आक्रोश

नवभारत न्यूज

आष्टा 30 जून. मानसून की पहली झमाझम बारिश ने नगर पालिका की जल निकासी और सफाई व्यवस्था की तैयारियों की पोल खोलकर रख दी. मंगलवार दोपहर करीब 1 बजे से 3 बजे तक हुई लगातार तेज बारिश के बाद शहर के अधिकांश हिस्सों में जलभराव की स्थिति बन गई. कई प्रमुख सड़कें तालाब जैसी नजर आने लगीं. दुकानों में बारिश का पानी भरा गया. नतीजतन आक्रोशित लोगों ने धरना देकर गुस्से का इजहार किया.

दोपहर एक बजे आसमान पर घिरे बादलों ने जमकर बरसना शुरू कर दिया था. पानी बरसने की रफ्तार इतनी तेज थी कि कुछ ही देर में सड़कों पर पानी भरा गया. बारिश के दौरान कन्नौद मार्ग सहित शहर के कई प्रमुख मार्गों पर पानी भर जाने से यातायात प्रभावित रहा. नालियों और नालों की समुचित सफाई नहीं होने के कारण पानी सड़कों पर बहने लगा. कई स्थानों पर वाहनों में पानी घुस जाने से वे बीच सड़क पर बंद हो गए, जिससे वाहन चालकों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा. सबसे अधिक परेशानी बुधवारा क्षेत्र में देखने को मिली, जहां जल निकासी नहीं होने के कारण बारिश का पानी दुकानों और मकानों में घुस गया.

नागरिक मनोहर चौरसिया और मुकेश जैन ने बताया कि हर वर्ष बारिश उनके लिए आफत बनकर आती है. चार महीने तक होने वाली हर तेज बारिश में दुकानों और मकानों में पानी भर जाता है. उन्होंने कहा कि पार्षदों, नगर पालिका और प्रशासन को कई बार शिकायत की गई, लेकिन 20 वर्षों में भी समस्या का समाधान नहीं हो सका. प्रदर्शनकारियों ने नपा के खिलाफ नारे लगाए और बुधवारा क्षेत्र की लगातार उपेक्षा का आरोप लगाते हुए जल निकासी की स्थायी व्यवस्था किए जाने की मांग की. नागरिकों ने प्रशासन को चेतावनी दी कि यदि शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा.

आष्टा. मंगलवार की दोपहर तेज बारिश के चलते नगर जलमग्न हो गया. जलभराव होने पर नागरिकों ने नपा के खिलाफ प्रदर्शन किया.

20 साल में भी समस्या का नहीं किया समाधान

लगातार जलभराव से नाराज स्थानीय नागरिकों ने उग्र विरोध प्रदर्शन करते हुए धरना दिया. धरने में भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष प्रतिनिधि विशाल चौरसिया, पूर्व हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष कालू भट्ट सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी शामिल हुए. लोगों का कहना है कि पिछले करीब 20 वर्षों से इस क्षेत्र में जलभराव की समस्या बनी हुई है, लेकिन आज तक इसका स्थायी समाधान नहीं किया गया. उनका आरोप है कि कई पार्षद बदले, नगर पालिका ने भी बार-बार आश्वासन दिए, लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है.

ट्यूब पर बैठकर पार्षद ने किया पानी में विहार

इछावर. मंगलवार को कुछ देर बरसे बादलों ने तहसील मुख्यालय को तरबतर कर दिया. आलम यह रहा कि सड़कों पर घुटनों तक पानी जमा हो गया जिससे राहगीरों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा. वहीं निचली बस्तियों के घरों में भी बारिश का पानी जा घुसा. नगर के वार्ड क्रमांक 15 स्थित नाले के समीप तो सड़कों पर बारिश का पानी तेज प्रवाह के साथ बह रहा था. नतीजतन वार्ड पार्षद जुनैद खान ने ट्यूब पर बैठकर सड़क पर बहने वाले बारिश के पानी पर विहार करते हुए अपने आक्रोश का इजहार किया. उनका कहना था कि नगरपरिषद द्वारा नाले की सफाई कराने में बरती गई उदासीनता के चलते वार्ड में बाढ़ जैसे हालात निर्मित हुए हैं. विरोध का यह तरीका नगर में चर्चाओं में बना रहा.

अब तक 148.4 मिमी वर्षा दर्ज

सीहोर. जिले में 30 जून को औसतन 5.4 मिमी वर्षा दर्ज की गई. सर्वाधिक 18 मिमी वर्षा भैरूंदा तहसील में रिकॉर्ड की गई. आष्टा में 14 मिमी, सीहोर में 8.1 मिमी तथा जावर में 3 मिमी वर्षा दर्ज की गई. श्यामपुर, इछावर, बुधनी एवं रेहटी तहसीलों में वर्षा दर्ज नहीं की गई. एक जून से अब तक जिले में औसतन 148.4 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई है. भैरूंदा में 209 मिमी वर्षा दर्ज की गई है. इछावर में 185 मिमी, आष्टा में 182 मिमी, सीहोर में 158.9 मिमी, बुधनी में 148.5 मिमी, जावर में 134.1 मिमी, श्यामपुर में 89.8 मिमी तथा रेहटी में 79.6 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई है.

सड़क निर्माण की मांग को लेकर महिलाओं ने किया चक्काजाम

- वार्ड क्रमांक एक के आक्रोशित रहवासियों ने किया प्रदर्शन
- जाम के दौरान दोनों ओर लगीं वाहनों की लंबी कतारें

नवभारत न्यूज

सीहोर 30 जून. लगभग दो दशक से सड़क व नालियों सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं का अभाव झेल रहे वार्ड क्रमांक एक के रहवासियों के सब्र का बांध आखिरकार मंगलवार को ढह गया. वार्ड की अनेक महिलाओं व पुरुषों ने कोलीपुरा चौराहे पर चक्काजाम करते हुए आक्रोश का प्रदर्शन किया. इस दौरान हाईवे पर दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई थीं. बाद में उन्होंने नपा परिषद में जाकर नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर को भी अपनी व्यथा से अवगत कराया.

गौरतलब है कि शहर का वार्ड क्रमांक एक लंबे समय से उपेक्षा का शिकार बना हुआ है. वार्ड में पक्की सड़क और नालियों के अभाव के बीच रहने को लाचार वार्डवासियों की इस समस्या को दूर करने के प्रयास किया जाना आवश्यक नहीं समझा गया. आलम यह है कि बारिश के दिनों में जर्जर सड़कों पर चलना भी दूभर हो जाता है. कीचड़ व बारिश के गंदे पानी के बीच से होकर गुजरते वार्डवासियों द्वारा पूर्व में भी कई बार अपनी समस्याओं को लेकर प्रशासन का ध्यान आकर्षित कराया जा चुका है. आखिरकार जब उनकी समस्या का निराकरण नहीं हो सका तो मंगलवार को वह सड़कों पर उतर आए. उन्होंने कोलीपुरा चौराहे पर चक्काजाम कर विरोध प्रदर्शन किया. प्रदर्शन के चलते चौराहे के चारों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और शहर का यातायात प्रभावित हो गया. प्रदर्शनकारियों ने सड़क पर बैठकर नगर पालिका तथा प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की. महिलाओं ने भी सड़क पर बैठकर अपना विरोध दर्ज कराया.

जाम की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी पहुंचे तथा प्रदर्शनकारियों से चर्चा कर जाम समाप्त कराने का प्रयास किया. काफी समझाईश के बाद प्रदर्शनकारी चक्काजाम करने को राजी हुए. इसके बाद आंदोलनकारी महिलाओं ने नगरपालिका का रूख किया और नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर को समस्या से अवगत कराया. नपाध्यक्ष ने उन्हें आश्वस्त किया कि वार्ड में सीवेज लाईन का कार्य पूरा होने के तुरंत बाद सड़कों का निर्माण करा दिया जाएगा. विकल्प के तौर पर सड़कों पर मुरम डालने के उन्होंने कर्मचारियों को निर्देश दिए.

चोरों ने मठ को बनाया निशाना, ले उड़े दान राशि

- धार्मिक स्थानों पर बढ़ रही चोरियों से लोगों में आक्रोश
- पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू की

नवभारत न्यूज

सीहोर 30 जून. नगर के कस्बा क्षेत्र स्थित प्राचीन मठ मंदिर में बीती रात चोरों ने दानपेटी काटकर उसमें रखी हजारों रुपये की दानराशि चोरी कर ली. पूरी वारदात मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद बताई जा रही है. धार्मिक स्थल को निशाना बनाए जाने से श्रद्धालुओं में आक्रोश है.

नगर के कस्बा स्थित हनुमान फाटक के समीप ईदगाह मार्ग पर स्थित प्राचीन मठ मंदिर में बीती देर रात चोरी की वारदात सामने आई है। अज्ञात चोर मंदिर परिसर में घुसे और वहां रखी दानपेटी को काटकर उसमें रखी हजारों रुपये की दानराशि लेकर फरार हो गए. बताया जा रहा है कि चोर की पूरी करतूत मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसके आधार पर पुलिस उसकी तलाश में जुट गई है. सुबह जब मंदिर के महंत और श्रद्धालु पहुंचे तो दानपेटी टूटी हुई देखकर चोरी का पता चला. सूचना मिलते ही मठ ट्रस्ट अध्यक्ष सीताराम यादव सहित अन्य पदाधिकारी और श्रद्धालु मौके पर पहुंचे तथा पुलिस को सूचना देकर नाराजगी जताई.

श्रद्धालुओं का कहना है कि शहर में लगातार चोरी की घटनाएं बढ़ रही हैं, लेकिन पुलिस की उदासीनता के कारण चोरों के हौसले बुलंद हैं. अब धार्मिक स्थलों को भी निशाना बनाया जा रहा है, जिससे लोगों में असुरक्षा और आक्रोश का माहौल है. गौरतलब है कि इससे पहले भी करोली माता मंदिर, पुराना बस स्टैंड स्थित इच्छापूर्ति हनुमान मंदिर तथा बंदीमुक्त हनुमान मंदिर में चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं. इन मामलों का भी अब तक खुलासा नहीं हो सका है.

घटना की सूचना पर पुलिस ने मौके का निरीक्षण किया, साक्ष्य जुटाए और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अज्ञात चोर की तलाश शुरू कर दी है. पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार करने का प्रयास किया जा रहा है.

जल संरक्षण में जनभागीदारी अहम : राय

नवभारत न्यूज

सीहोर 30 जून. जल संरक्षण समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है. जल गंगा संवर्धन अभियान के माध्यम से प्रदेश सरकार ने जल स्रोतों के संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की है.

उक्त बात जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत पाटन में जल गंगा संवर्धन अभियान समापन समारोह में मुख्य अतिथि विधायक सुदेश राय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही. विधायक श्री राय ने नागरिकों से जल संरक्षण को जनआंदोलन बनाने तथा वर्षा जल के अधिकतम संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया. कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने जल संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने तथा भविष्य में भी ऐसे कार्यों को निरंतर जारी रखने का संकल्प लिया. इस दौरान जनपद पंचायत द्वारा अभियान अंतर्गत कराए गए विभिन्न जल संरक्षण कार्यों, अमृत सरोवर, तालाबों के जीर्णोद्धार, जल संरचनाओं के निर्माण एवं अन्य उपलब्धियों का प्रस्तुतीकरण किया गया. साथ ही ग्राम पंचायत पाटन में अभियान के तहत किए गए उल्लेखनीय कार्यों एवं उनके सकारात्मक परिणामों पर भी प्रकाश डाला गया. कार्यक्रम में सरपंच, सचिव, ग्राम रोजगार सहायक, ग्रामीण एवं हितग्राही, जनपद एवं विकासखंड स्तर के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे. कार्यक्रम का समापन जल संरक्षण की सामूहिक शपथ एवं पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ हुआ.

जलप्रपातों पर पर्यटकों के आवागमन पर लगी रोक

नवभारत न्यूज

बुधनी 30 जून. वर्षा ऋतु के दौरान संभावित दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं नागरिकों की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर ने अमरगढ़ वॉटरफॉल, दिगंबर वॉटरफॉल सहित इछावर के कालियादेव वॉटरफॉल पर आम नागरिकों के आवागमन पर प्रतिबंध लगा दिया है. यह आदेश 31 अगस्त तक प्रभावशील रहेगा.

जारी आदेशानुसार वर्षा ऋतु के दौरान इन प्राकृतिक जलप्रपातों पर जलस्तर में अचानक वृद्धि, तेज बहाव, फिसलन एवं अन्य प्राकृतिक जोखिमों के कारण जनहानि की आशंका बनी रहती है. ऐसी परिस्थितियों में किसी भी अप्रिय घटना की संभावना को देखते हुए यह प्रतिबंध लगाया गया है. प्रतिबंध अवधि में किसी भी व्यक्ति को अमरगढ़, कालियादेव एवं दिगंबर वॉटरफॉल क्षेत्र में प्रवेश, भ्रमण, स्नान, सेल्फी लेने की अनुमति नहीं होगी. इन स्थानों पर वाहन भी प्रतिबंधित रहेंगे. कलेक्टर ने निर्देश दिए हैं प्रतिबंध का पालन सुनिश्चित कराया जाए तथा बैरिकेडिंग एवं चेतावनी संबंधी सूचना बोर्ड लगाए जाएं.

कन्या शिक्षा परिसर में 10 तक होंगे प्रवेश

भैरूंदा. लाड़कुई स्थित माता शबरी कन्या शिक्षा परिसर में कक्षा 6 वीं, 7 वीं और 8 वीं में छात्राओं के प्रवेश पंजीयन के लिए आवेदन कर सकती हैं. पंजीयन के लिए कन्या शिक्षा परिसर अथवा जनजातीय कार्य विभाग के जिला कार्यालय से आवेदन फार्म निशुल्क प्राप्त किया जा सकता है.

समापन राजस्व मंत्री की उपस्थिति में सतपिपलिया में जल गंगा संवर्धन अभियान का समापन

जल का प्रत्येक स्त्रोत हमारे लिए अनमोल धरोहर : राजस्व मंत्री

नवभारत न्यूज

सीहोर 30 जून. जल एवं जल स्रोतों के संरक्षण, संवर्धन तथा जन-जागरुकता के लिए जिले में 19 मार्च से 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान संचालित किया गया.

अभियान के समापन अवसर पर जिले के ग्राम सतपिपलिया में जिला स्तरीय समापन कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम में राजस्व मंत्री करणसिंह वर्मा शामिल हुए. उन्होंने गांव के तालाब में श्रमदान किया, पौधारोपण किया और जल संरक्षण में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया. इस अवसर पर राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान केवल शासकीय कार्यक्रम नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य का संकल्प है. जल का प्रत्येक स्रोत अमूल्य धरोहर है, उसके संरक्षण और संवर्धन में प्रत्येक नागरिक की सहभागिता आवश्यक है. अभियान को सफल बनाने वाले जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, सामाजिक संगठनों तथा नागरिकों की सराहना करते हुए कहा कि सामूहिक प्रयासों से ही जल संकट का समाधान संभव है. उन्होंने नागरिकों से आह्वान किया कि अभियान की भावना को केवल 30 जून तक सीमित न रखें, बल्कि वर्षभर जल संरक्षण, वर्षा जल संचयन, पौधरोपण तथा जल स्रोतों के संरक्षण के कार्यों को निरंतर जारी रखें. जल बचाना ही भविष्य को सुरक्षित बनाना है और इसमें समाज के प्रत्येक व्यक्ति की भूमिका महत्वपूर्ण है. राजस्व मंत्री ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिए.

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रचना सुरेंद्र मेवाड़ा, सीईओ सर्जना यादव, एसडीएम स्वाति मिश्रा, जनपद सीईओ रूषाली पोरस, पंकज गुप्ता, शंकर पटेल, कैलाश सुराणा सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी व नागरिक उपस्थित थे.

जनसुनवाई में आवेदकों ने लगाई गुहार

सीहोर. मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में अधिकारियों ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं और समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिए. जनसुनवाई में जिलेभर से आए 65 आवेदकों ने समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए. जनपद कार्यालयों में भी जनसुनवाई आयोजित की गई. जनसुनवाई में भूमि विवाद, नामांतरण, बंटवारा, आपसी विवाद, मेढ.-रास्ता विवाद, बीपीएल कार्ड, प्रधानमंत्री आवास, गन लाइसेंस, वृद्धावस्था पेंशन, आर्थिक सहायता, मुआवजा से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए.